

# सरकारी कैमरों की हकीकत उजागर, चोरी का बकरा भी नहीं हो पाया कैद

**खास बातें**
- विदिशा में अधिकांश सीसीटीवी बंद
- पुलिस निजी कैमरों के सहारे कर रही जांच
- जागरुकता अभियान पर उठे सवाल



नवभारत न्यूज

**विदिशा 29 अप्रैल, शहर में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जिसने सरकारी निगरानी तंत्र की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं. एक बकरा चोरी की घटना भले ही छोटी लगे, लेकिन इसने शहर में लगे सरकारी सीसीटीवी कैमरों की वास्तविक स्थिति उजागर कर दी है. घटना के बाद जब पुलिस ने आसपास के कैमरों की फुटेज खंगालनी चाही, तो पता चला कि अधिकांश सरकारी कैमरे या तो बंद पड़े हैं या फिर सही तरीके से काम नहीं कर रहे हैं.**

जानकारी के अनुसार, यह घटना शहर के एक नजदीकी गांव की बताई जा रही है. सरकारी कैमरे लगाए गए हैं. लेकिन मौके पर जांच के दौरान पुलिस को निराशा हाथ लगी. कई कैमरे लंबे समय से बंद पड़े थे, कुछ की रिकॉर्डिंग सिस्टम खराब था, तो कुछ कैमरों का एंगल ही सही नहीं था. ऐसे में चोरी की वारदात कहीं भी रिकॉर्ड नहीं हो सकी और पुलिस के हाथ कोई ठोस सुराग नहीं लगा. स्थिति यह रही कि पुलिस को मजबूर होकर आसपास के दुकानों, घरों और निजी प्रतिष्ठानों में लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद लेनी पड़ी. निजी कैमरों की फुटेज के आधार पर ही जांच को आगे बढ़ाया जा रहा है. हालांकि, अभी तक कोई ठोस सफलता हाथ नहीं लग सकी है। विडंबना यह है कि विदिशा पुलिस लगातार लोगों को अपने घरों और दुकानों में सीसीटीवी कैमरे लगाने के लिए प्रेरित कर रही है. अपराधों पर नियंत्रण और त्वरित कार्रवाई के लिए इसे जरूरी बताया जा रहा है. लेकिन जब खुद सरकारी कैमरों की हालत खस्ता हो, तो यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि आखिर आम नागरिकों से कितनी अपेक्षा की जा सकती है. शहर में सुरक्षा के नाम पर करोड़ों रुपये खर्च किए जाते हैं, लेकिन जमीनी स्तर पर व्यवस्थाएं पूरी तरह लचर हैं. पुलिस अधिकारियों का कहना है कि शहर में लगे कुछ कैमरों में तकनीकी खराबी है, जिन्हें जल्द ठीक कराने के प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने यह भी माना कि मेंटेनेंस की कमी के कारण कई कैमरे बंद हो गए हैं। अधिकारियों के अनुसार, संबंधित एजेंसियों को निर्देश दिए गए हैं और जल्द ही सभी कैमरों को चालू करने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी.

यह पूरा मामला यह सोचने पर मजबूर करता है कि जब छोटे स्तर की घटनाओं में ही निगरानी व्यवस्था विफल हो रही है, तो गंभीर अपराधों के समय क्या स्थिति होगी. स्मार्ट सिटी और डिजिटल सुरक्षा के दावों के बीच विदिशा की यह तस्वीर चिंताजनक है. फिलहाल, बकरा चोरी की इस घटना ने एक अहम मुद्दा सामने ला दिया है—सिर्फ कैमरे लगाना ही पर्याप्त नहीं, बल्कि उनका सुचारु संचालन और नियमित देखरेख भी उतनी ही जरूरी है.

### यह है पूरा मामला

जिले के करारिया थाना क्षेत्र में बकरा चोरी का मामला सामने आया है. ग्राम करारिया निवासी रकीब खान ने थाना प्रभारी को आवेदन देकर खेत से बकरा चोरी होने की शिकायत दर्ज कराई है. आवेदन के अनुसार पीड़ित का 14 महीने का सफेद रंग का बकरा, जिसके लाल चित्ते थे, खेत पर चरने के लिए छोड़ा गया था. बकरे की कीमत करीब 16 हजार रुपए बताई गई है. पीड़ित ने बताया कि 26 अप्रैल 2026 को दोपहर करीब 1 बजे उसका बकरा चोरी हो गया. काफी तलाश करने के बाद भी बकरे का कोई सुराग नहीं लग सका.



## रामलीला निधि के उपयोग पर घमासान, कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**विसर्जन कुंड निर्माण में खर्च का विरोध**

**नई मेला समिति के गठन की उठी मांग**

नवभारत न्यूज

**विदिशा 29 अप्रैल, शहर में रामलीला निधि के उपयोग को लेकर विवाद गहराता जा रहा है.श्री रामलीला सभा (रजि.) ने इस मुद्दे पर कड़ा रुख अपनाते हुए कलेक्टर एवं श्रीरामलीला मेला समिति के अध्यक्ष को ज्ञापन सौंपकर आपत्ति दर्ज कराई है.**

सभा का आरोप है कि निधि का उपयोग नियमों के विपरीत किया जा रहा है, जिससे परंपरागत व्यवस्थाओं और निर्धारित उद्देश्यों की अनदेखी हो रही है. सभा के पदाधिकारियों के अनुसार, 25 अप्रैल को आयोजित मेला समिति की बैठक में यह जानकारी सामने आई कि श्रीरामलीला निधि से जानकी कुंड स्थित विसर्जन कुंड का निर्माण और विस्तार कराने की योजना बनाई गई है. इस प्रस्ताव पर सभा ने स्पष्ट आपत्ति जताई है। उनका कहना है कि नियमानुसार रामलीला निधि का उपयोग केवल रामलीला आयोजन, उससे जुड़े धार्मिक-सांस्कृतिक कार्यों और आवश्यक विकास कार्यों तक ही सीमित होना चाहिए. विसर्जन कुंड निर्माण जैसे कार्यों में इस निधि का उपयोग नियमों के दायरे से बाहर है. सभा ने अपने ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया है कि वर्तमान श्रीरामलीला मेला समिति का कार्यकाल 12 सितंबर 2025 को समाप्त हो चुका है। इसके बावजूद अब तक नई समिति का गठन नहीं किया गया है. ऐसे में पुरानी समिति द्वारा नए निर्माण कार्यों और वित्तीय निर्णयों को मंजूरी देना प्रक्रिया और नियमों के विपरीत माना जा रहा है. सभा का कहना है कि बिना वैध कार्यकाल के कोई भी समिति इस प्रकार के निर्णय लेने की अधिकारिक स्थिति में नहीं होती.

## मेहनत और संकल्प से मिली सफलता, कुलदीप रघुवंशी बने प्रेरणा

नवभारत न्यूज



**गंजबासौदा,** गंजबासौदा तहसील के ग्राम गमाकर निवासी कुलदीप रघुवंशी ने अपने अथक परिश्रम और दृढ़ संकल्प से सफलता हासिल कर मिसाल पेश की है. साधारण किसान परिवार में जन्मे कुलदीप के माता-पिता ने शिक्षा को प्राथमिकता देते हुए उन्हें गंजबासौदा के सेंट एस.आर.एस. पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल में पढ़ाया.वर्ष 2015 में हाई स्कूल के बाद उन्हें आईटीआई की जानकारी मिली, जहां कम समय में बेहतर भविष्य की संभावना ने उन्हें प्रेरित किया. उन्होंने आईटीआई गंजबासौदा से स्टेनोग्राफर (हिंदी) ट्रेड में 2022 में डिप्लोमा प्राप्त किया.इसके बाद वर्ष 2023 में कर्मचारी चयन आयोग की स्टेनोग्राफर परीक्षा पहले ही प्रयास में उत्तीर्ण कर उन्होंने अपनी प्रतिभा साबित की. प्रारंभिक नियुक्ति नई दिल्ली में हुई, वर्तमान में वे कलेक्ट्रेट विदिशा में कलेक्टर स्टेनो के पद पर कार्यरत हैं.उनकी सफलता युवाओं को मेहनत और सही दिशा से लक्ष्य प्राप्त करने का संदेश देती है.

## नाबालिग बालिका का बाल विवाह रोका, समझाइश से टली शादी

नवभारत न्यूज

**विदिशा.** चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 पर प्राप्त सूचना के आधार पर महिला एवं बाल विकास विभाग ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक नाबालिग बालिका का बाल विवाह रुकवाया. टीम मौके पर पहुंची और बालिका की आयु संबंधी दस्तावेजों की जांच की, जिसमें उसकी उम्र 18 वर्ष से कम पाई गई.परिजनों को बाल विवाह निषेध कानून की जानकारी देकर समझाइश दी गई. इसके बाद परिजनों से लिखित सहमति ली गई कि बालिका की शादी 18 वर्ष की आयु पूर्ण होने के बाद ही की जाएगी.कार्रवाई के दौरान संबंधित अधिकारियों एवं पुलिस टीम की मौजूदगी में पंचनामा तैयार किया गया. प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि बाल विवाह रोकने के लिए इस तरह की कार्रवाई लगातार जारी रहेगी.

## रघुवंशी बने विदिशा जिला कांग्रेस संगठन प्रभारी

नवभारत न्यूज

**विदिशा. मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी ने मंदसौर के वरिष्ठ कांग्रेस नेता राजेश रघुवंशी को विदिशा जिला कांग्रेस संगठन प्रभारी नियुक्त किया है. इससे पहले यह जिम्मेदारी लगभग तीन वर्षों से पूर्व मंत्री प्रभु सिंह ठाकुर निभा रहे थे.**

जिला कांग्रेस मीडिया प्रभारी सुशील शर्मा ने बताया कि संगठन सृजन अभियान के तहत लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के पायलट प्रोजेक्ट के अंतर्गत मध्यप्रदेश में विदिशा को प्रथम जिले के रूप में चुना गया है. इसी के मद्देनजर संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने और आगामी नगर पालिका चुनाव तथा वर्ष 2028 में होने वाले विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए यह नियुक्ति की गई है.प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने निर्देश दिए हैं कि जनता के हितों और मुद्दों को लेकर सरकार के खिलाफ सड़कों पर उतरकर संघर्ष किया जाए. राजेश रघुवंशी कांग्रेस संगठन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर रह चुके हैं और संगठनात्मक अनुभव रखते हैं.उनकी नियुक्ति का स्वागत करते हुए कांग्रेस नेताओं ने बधाई दी. बधाई देने वालों में जिला कांग्रेस अध्यक्ष मोहित रघुवंशी, पूर्व सांसद प्रताप भानु शर्मा, हृदय मोहन जैन, पूर्व मंत्री वीर सिंह रघुवंशी, पूर्व विधायक निशंक जैन, कमल सिलाकारी, रणधीर सिंह ठाकुर, वसंत जैन, महेंद्र वर्मा, मनोज कपूर, पंकज जैन, प्रदेश सचिव आनंद प्रताप सिंह, सिंधु विक्रम सिंह, गागेंद्र रघुवंशी, सुभाष वोहत, नगर कांग्रेस अध्यक्ष रवि साहू, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती रानी अहिरवार आदि शामिल रहे.

## एफटीके से जल परीक्षण का दिया प्रशिक्षण

**पेयजल स्त्रोत के 5 जल नमूने एकत्रित**

**101 आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका व सुपरवाइजर को मिला प्रशिक्षण**



नवभारत न्यूज

**सिरोंज, सिरोंज में जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन यंत्री अनुपम गहोई एवं सहायक यंत्री देवी सिंह मस्कोले, उपयंत्री प्रमीत राठौर के मार्गदर्शन में आंगनबाड़ी केंद्र इमलानी, देवपुर और पथरिया में करीब 101 आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिका एवं सुपरवाइजर को एफटीके के माध्यम से जल परीक्षण का प्रशिक्षण प्रदान किया गया.**

साथ ही आंगनवाड़ी केंद्रों के पेयजल स्त्रोत के 5 जल नमूने एकत्रित करने की गतिविधि संपन्न की गई. विकासखंड समन्वयक भानू धाकड़, सुशील कुमार विश्वकर्मा, आशीष राव, नितेश सक्सेना द्वारा आंगनवाड़ी सेक्टर प्रभारी नसरीन बानो की उपस्थिति में जल परीक्षण का प्रशिक्षण प्रदान किया गया.

## न्यायालय परिसर में सार्वजनिक प्याऊ का शुभारंभ, गर्मी में मिलेगी राहत

- **अधिवक्ताओं व पक्षकारों के लिए मित्र मंडली की पहल**
- **शुद्ध पेयजल की व्यवस्था**



नवभारत न्यूज

**कुरवाई. भीषण गर्मी को देखते हुए न्यायालय एवं पुरानी तहसील आने वाले अधिवक्ताओं और पक्षकारों को राहत देने के उद्देश्य से मंगलवार को न्यायालय परिसर में सार्वजनिक प्याऊ का शुभारंभ किया गया.**

यह प्याऊ संजय कुमार सैनी, नवीन कुमार जैन एवं बैजनाथ सिंह गुर्जर एडवोकेट्स मित्र मंडली के सौजन्य से स्थापित किया गया है. इसका शुभारंभ अभिभाषक संघ कुरवाई के संरक्षक एवं मार्गदर्शक मंडल के सदस्यों द्वारा किया गया.

कार्यक्रम में कदीर खान पठान एडवोकेट, वीरेंद्र कुमार जैन एडवोकेट, राजमल जैन एडवोकेट एवं शमशुल हसन हाशमी एडवोकेट का पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया गया और उनके हाथों शुभारंभ कराया गया. कार्यक्रम का संचालन अलीमुद्दीन खान एडवोकेट ने किया.इस अवसर पर भाजपा नेता मुकेश तिवारी सहित आरिफ खान, राजेंद्र सोनी, फारुख खान, कैलाश साहू, संजय आचार्य, विजय बहादुर सिंह, राजीव आचार्य, दिनेश सोनी, फिरोज खान, अमित दांगी, मंगल सिंह दांगी सहित बड़ी संख्या में अधिवक्तागण, पक्षकार और नागरिक उपस्थित रहे.अभिभाषक संघ के नवनिर्वाचित अध्यक्ष संजय कुमार सैनी ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि गर्मी के मौसम में न्यायालय आने वाले प्रत्येक व्यक्ति को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराना ही इस पहल का उद्देश्य है. उन्होंने भविष्य में भी जनहित के कार्य जारी रखने की बात कही.

## पांच वर्षों से नदी स्वच्छता के लिए युवाओं का प्रयास, अब जनआंदोलन का रूप

नवभारत न्यूज

**गंजबासौदा. श्रमदान दल के तत्वावधान में साप्ताहिक श्रमदान अभियान 5.0 का 29वां चरण सफलतापूर्वक संपन्न हुआ. नदी जल स्वच्छता को समर्पित यह अभियान अब एक नियमित गतिविधि से आगे बढ़कर सामाजिक परिवर्तन की सशक्त पहल बन चुका है.**

पिछले पांच वर्षों से लगातार चल रहा यह अभियान यह साबित करता है कि दृढ़ इच्छाशक्ति और निरंतरता से बदलाव संभव है. गंजबासौदा के युवाओं द्वारा शुरू किया गया यह प्रयास अब शहर की सीमाओं से बाहर भी फैल चुका है. संगठन की एक शाखा पिछले तीन वर्षों से राजस्थान के कोटा स्थित भीतरिया कुण्ड घाट पर चंबल नदी की सफाई में भी सक्रिय भूमिका निभा रही है.हर सप्ताह नदी से कई क्विंटल कचरा निकाला जाता है, लेकिन कुछ ही दिनों में स्थिति फिर पहले जैसी हो जाती है. यह समस्या केवल गंदगी की नहीं, बल्कि समाज की लापरवाह और संकीर्ण मानसिकता की ओर इशारा करती है.जहां एक ओर श्रमदान दल के सदस्य अपने अवकाश के दिन निस्वार्थ भाव से सफाई अभियान में जुटे रहते हैं, वहीं कुछ लोगों की लापरवाही इस प्रयास को कमजोर कर देती है. ऐसे में साफ है कि असली लड़ाई नदी की गंदगी से ज्यादा सोच की गंदगी से है.अभियान का उद्देश्य केवल सफाई तक सीमित नहीं है, बल्कि लोगों में जागरूकता लाकर उनकी सोच में बदलाव करना भी है. जब तक समाज अपनी जिम्मेदारी नहीं समझेगा, तब तक स्थायी समाधान संभव नहीं हो सकेगा.29वें चरण में दीपेश शर्मा, सूर्य प्रताप सिंह राजपूत, जसवंत सिंह राजपूत, दिनेश चौरसिया, राकेश रघुवंशी, राहुल कुशवाह, आकाश जैन, अरनब रघुवंशी, नक्षय राजपूत, अभिनव शर्मा एवं जैत्र राजपूत ने सक्रिय सहयोग दिया.

## भीषण गर्मी में कूलर-पंखा-एसी की बढ़ी मांग



**तापमान बढ़ते ही इलेक्ट्रॉनिक बाजार में रौनक**

**दुकानों पर ग्राहकों की भीड़**

नवभारत न्यूज

**विदिशा,शहर में लगातार बढ़ रही भीषण गर्मी के बीच अब राहत के साधनों की मांग तेजी से बढ़ गई है. तापमान 42 डिग्री के पार पहुंचते ही कूलर, पंखे और एसी की बिक्री में जबरदस्त उछाल देखा जा रहा है. इलेक्ट्रॉनिक बाजारों में इन दिनों ग्राहकों की भीड़ लगी हुई है.**

दुकानदारों के अनुसार पिछले कुछ दिनों में कूलर और पंखों की मांग सबसे ज्यादा बढ़ी है. मध्यम वर्गीय परिवार जहां कूलर और टेबल फैन खरीदना पसंद कर रहे हैं, वहीं सक्षम लोग एसी की ओर रुख कर रहे हैं.कई दुकानों पर लोकप्रिय मॉडल्स की कमी भी देखने को मिल रही है. शहर के प्रमुख बाजारों में सुबह से ही ग्राहक पहुंच रहे हैं. खासकर दोपहर के समय तेज गर्मी से बचने के लिए लोग जल्द से जल्द कूलिंग उपकरण खरीदना चाहते हैं. दुकानदारों का कहना है कि पिछले साल की तुलना में इस बार बिक्री में अधिक तेजी आई है. गर्मी बढ़ने के साथ ही सर्विसिंग का काम भी बढ़ गया है. पुराने कूलर और एसी को ठीक कराने के लिए लोगों की भीड़ सर्विस सेंटर्स पर देखी जा रही है. तकनीशियनों के पास काम का दबाव बढ़ गया है, जिससे कई जगहों पर 2-3 दिन की वेटिंग चल रही है.

हालांकि बढ़ती मांग का असर कीमतों पर भी दिखाई दे रहा है. कुछ ब्रांडेड कूलर और एसी के दामों में हल्की बढ़ोतरी हुई है, जबकि लोकल उत्पादों की कीमत भी बढ़ी है. इसके बावजूद गर्मी से राहत पाने के लिए लोग खरीदारी करने को मजबूर हैं. व्यापारियों का मानना है कि अगर आने वाले दिनों में तापमान इसी तरह बना रहा, तो कूलिंग उपकरणों की बिक्री और बढ़ सकती है. वहीं बिजली खपत बढ़ने से लोड भी बढ़ रहा है, जिससे पावर कट की समस्या भी लोगों को परेशान कर सकती है.



## आओ आध्यात्मिक अलख जगाएं, एक दिव्य समाज बनाएं : ब्रह्माकुमारी रेखा दीदी

- **41 फीट विशाल शिवलिंग के आज अंतिम दर्शन**
- **श्रद्धालुओं में उमड़ा उत्साह**

नवभारत न्यूज

**गंजबासौदा. प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय, चर्च वाली गली बरेठ रोड स्थित सेवा केंद्र द्वारा 41 फीट विशाल शिवलिंग के दिव्य दर्शनों का आयोजन किया जा रहा है. पांचवें दिन महंत त्यागी महाराज, व्यापार महासंघ अध्यक्ष विपिन तिवारी, ब्राह्मण समाज अध्यक्ष संतोष शर्मा सहित शहर के गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में शिव भोलेनाथ की आरती के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ.**

इस अवसर पर ब्रह्माकुमारी रेखा दीदी ने अपने उद्बोधन में कहा कि आओ आध्यात्मिक अलख जगाएं और एक दिव्य समाज बनाएं. उन्होंने कहा कि दिव्य समाज का निर्माण हम सभी का कर्तव्य है और इसमें सहभागी बनकर प्रत्येक व्यक्ति पुण्य का भागी बन सकता है. उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि हर आत्मा में आध्यात्मिक ज्योत जलाना ही सच्चा सहयोग है.

कार्यक्रम में बीके रुक्मणी दीदी ने भगवान शिव की महिमा का वर्णन करते हुए कहा कि वे दुखहर्ता, सुखकर्ता और विश्व कल्याणकारी हैं, जिन्हें सोमनाथ, अमरनाथ, विश्वनाथ और पशुपतिनाथ जैसे अनेक नामों से पूजा जाता है. महंत त्यागी महाराज ने ब्रह्माकुमारी बहनों के अनुशासन, मर्यादा और पवित्रता की सराहना की.विपिन तिवारी ने आयोजन को शांति और सुकून देने वाला बताते हुए कहा कि गंजबासौदा में ऐसा आयोजन पहली बार देखने को मिला है. वहीं संतोष शर्मा ने ब्रह्माकुमारी संस्थान द्वारा दिए जा रहे शांति, प्रेम और सद्भावना के संदेश की प्रशंसा की.कार्यक्रम के दौरान नंदनी बहन द्वारा अतिथियों का स्वागत किया गया. मोहनी बहन एवं वंशिका बहन ने शिव महिमा पर आधारित नृत्य प्रस्तुत कर वातावरण को भक्तिमय बना दिया. अंत में सभी श्रद्धालुओं ने बुराइयों का त्याग कर सकारात्मक सोच अपनाने और दिव्य समाज के निर्माण का संकल्प लिया.आयोजन के तहत 41 फीट शिवलिंग के दर्शन 25 से 30 अप्रैल तक प्रतिदिन शाम 4 बजे से रात्रि 9 बजे तक हो रहे हैं. आज इस दिव्य आयोजन का अंतिम दिन है, जिसे लेकर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखा जा रहा है.


विकास पचौरी रेडियो
84 35 250 250
मोबाइल के प्ले स्टोर पर
Vikas Pachori Radio
टाइप करके इंस्टॉल कीजिए
और लगातार 24 घण्टे
आनंद लीजिए.


**आयोजन** | **पंचतत्व संरक्षण समिति का 'पक्षी चेतना अभियान', विधायक की मौजूदगी में सेवा कार्य**

## पक्षियों के लिए सकोरे, पशुओं के लिए पानी की होदियां रखीं




नवभारत न्यूज

**गंजबासौदा. भीषण गर्मी की दस्तक के साथ ही मूक पशु-पक्षियों के सामने पानी का संकट गहराने लगा है. इस समस्या के समाधान के लिए नगर की पर्यावरणीय संस्था 'पंचतत्व संरक्षण समिति' द्वारा निरंतर सेवा कार्य किए जा रहे हैं.**

इसी क्रम में सोमवार को क्षेत्रीय विधायक हरि सिंह रघुवंशी की उपस्थिति में शहर के विभिन्न स्थानों पर पशुओं के लिए जल पात्र (हौदियां) रखी गईं और पक्षियों के लिए मिट्टी के सकोरे वितरित किए गए.समिति द्वारा काले बाग क्षेत्र में कमलेश शर्मा के निवास के बाहर एक बड़ी होदी रखी गई, जिसे प्रतिदिन भरने की जिम्मेदारी शिवानी शर्मा ने ली है. वहीं बरेठ रोड स्थित शोभित महलवार के यहां भी एक हौदी रखी गई. इसके अलावा चर्च के पास स्थित मोहल्ले में पक्षियों के लिए सकोरे वितरित कर नागरिकों को उन्हें नियमित रूप से भरने का संकल्प दिलाया गया.इस अवसर पर विधायक हरि सिंह रघुवंशी ने समिति के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि बेजुबान प्राणियों की सेवा ही सच्ची मानवता है और यह कार्य अत्यंत पुण्यकारी है.

समिति का यह अभियान 'पक्षी चेतना अभियान' के अंतर्गत प्रतिवर्ष नवसंवत्सर से प्रारंभ होकर पूरी गर्मी तक चलता है, जिसमें 'एक मुट्ठी दाना, एक कुंडा पानी' का संदेश दिया जाता है. अब तक नगर के कई स्थानों पर जल पात्र स्थापित किए जा चुके हैं और आगे भी यह कार्य जारी रहेगा.कार्यक्रम में समिति अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह दांगी, प्रमोद सिंह राजपूत, राजपूत समाज अध्यक्ष प्रवीण प्रताप सिंह, श्रीमती अरुणा अरोरा सहित अनेक गणमान्य नागरिक एवं पर्यावरण प्रेमी उपस्थित रहे.

## शीघ्र ही सिंगल क्लिक से मिलेगा भुगतान

नवभारत न्यूज

**विदिशा,** मुख्यमंत्री द्वारा मुख्यमंत्री जन कल्याण संबल योजना अंतर्गत पंजीकृत मृतक श्रमिकों के उत्तराधिकारियों को शीघ्र ही सहायता राशि का भुगतान किया जाएगा की जानकारी देते हुए श्रम पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि विदिशा जिले के 488 पंजीकृत श्रमिकों मृतक श्रमिकों के उत्तराधिकारियों को 11 करोड़ 6 लाख रुपए की अनुग्रह सहायता राशि का भुगतान मुख्यमंत्री जी द्वारा शीघ्र ही सिंगल क्लिक के माध्यम से हितग्राहियों के बैंक खाते में राशि अंतरित किया जाएगी.